दिनांक 20 अप्रैल 2021 स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

चंदूलाल चंद्राकर स्थित कोविड केयर सेंटर में भर्ती मरीजों की जानकारी अब मिल सकेगी एक फोन कॉल पर, हेल्पलाइन नंबर किया गया जारी

भिलाई नगर/ चंदूलाल चंद्राकर कोविड केयर सेंटर में भर्ती मरीजों की जानकारी एवं स्टेटस अब घर बैठे मिल पाएगी! इसके लिए बकायदा हेल्पलाइन नंबर जारी किया गया है! और यह सब संभव हो पाया है प्रशासनिक नेतृत्व से! निगमायुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी ने परिजनों की समस्याओं को देखते हुए हेल्पलाइन नंबर जारी करने के निर्देश दिए थे! जिस पर विगत कई दिनों से कार्य हो रहा था! अंततः इसके लिए हेल्पलाइन नंबर जारी कर दिया गया है! भिलाई निगम के कंट्रोल रूम के हेल्पलाइन नंबर 0788-2296212 पर कॉल करके सामान्य जानकारी प्राप्त की जा सकती है! इसके लिए कचांदूर कोविड केयर सेंटर जाने की आवश्यकता भी नहीं होगी! कंट्रोल रूम में बकायदा कर्मचारियों की नियुक्ति इसके लिए की गई है ताकि वह परिजनों को उनके मरीजों की जानकारी उपलब्ध करा सके! कंट्रोल रूम के इस हेल्पलाइन नंबर पर मरीज की भर्ती तिथि , किस वार्ड में किस बेड में मौजूद है इसकी जानकारी सहित अन्य सामान्य जानकारियां प्राप्त की जा सकती है! मरीज की जानकारी मिलने पर परिजन भी घर पर सुकून से रह पाएंगे! कई बार ऐसी नौबत आती है कि घर पर सभी व्यक्ति संक्रमित हैं जो घर से बाहर निकल नहीं पाते हैं , कई लोग भिलाई के अलावा अन्य ग्रामीण क्षेत्रों से भी आते हैं , उन्हें भी आने जाने में परेशानियों का सामना करना पड़ता है! इन सब के लिए हेल्पलाइन नंबर काफी मददगार साबित होगी! मरीजों की सही-सही जानकारी मिल पाएगी! कंट्रोल रूम को वाय राजेंद्र राव द्वारा संचालित किया जा रहा है! उल्लेखनीय है कि परिजन अपने भर्ती मरीजों की जानकारी के लिए भटकते रहते थे, जिसके कारण विगत कई दिनों से भर्ती मरीजों की जानकारी सूचीबद्ध करते हुए उनका स्टेटस कोविड केयर सेंटर परिसर में डिस्प्ले किया जाकर परिजनों को जानकारी दिया जाता रहा है! जिससे मरीजों की जानकारी परिजन को आसानी से प्राप्त हो रही थी परंतु इसके लिए किसी न किसी को कचांदूर जाना ही पड़ता था! ताकि वह सूची अनुसार से मरीज की जानकारी प्राप्त कर सके! परंतु बेहतर व्यवस्था करते हुए परिजनों को समय पर जानकारी उपलब्ध कराने हेल्पलाइन नंबर जारी कर दिया गया है जिससे परिजन घर बैठे ही मरीज की जानकारी प्राप्त कर सकेंगे! उन्हें कचांदूर कोविड केयर सेंटर आने की आवश्यकता भी नहीं होगी! संभवतः फोन पर जानकारी उपलब्ध कराने कि जिले में यह पहली व्यवस्था होगी!

बेहतर कार्य प्रणाली से व्यवस्थाओं में दिख रहा है बदलाव कोरोनावायरस के बढ़ते संक्रमण को देखते हुए मरीजों को बेहतर चिकित्सा सुविधा मुहैया कराने कचांदूर में कोविड केयर सेंटर संचालित किया जा रहा है! ऑक्सीजन बेड की पर्याप्त व्यवस्था यहां पर उपलब्ध है! सभी मरीजों की भर्ती यहां पर ली जा रही है किसी को भी वापस नहीं किया जा रहा है! मरीजों को उचित समय पर गुणवत्तापूर्ण भोजन , दवाई एवं चिकित्सा सुविधा मिलने से मरीज जल्दी रिकवर होकर यहां से अपने घरों की ओर लौट रहे हैं! यहां के चिकित्सक मरीजों का लगातार मनोबल बढ़ाकर उपचार कर रहे हैं! प्रशासनिक व्यवस्था के

तहत निगम आयुक्त श्री रघुवंशी स्वयं कचांदुर में उपस्थित रहते हुए बेहतर कार्यप्रणाली का संचालन कर रहे हैं! दिन-ब-दिन बेहतर कार्यशैली से यहां की व्यवस्थाओं में परिवर्तन देखने को मिल रहा है! कचांदूर केयर सेंटर को पुनः प्रारंभ करने के बाद इतने कम समय में अधिक लोगों की व्यवस्था करना आसान नहीं था! परंतु कुशल नेतृत्व से प्रतिदिन अभूतपूर्व परिवर्तन देखने को मिल रहा है! कंट्रोल रूम से मरीजों की निगरानी रखी जा रही है! सफाई कर्मचारी इस कठिन परिस्थिति में अपने कार्य कुशलता का परिचय देते हुए अस्पताल परिसर में संपूर्ण सफाई व्यवस्था संभाले हुए हैं! मरीज के जल्दी स्वस्थ होकर घर लौटने से चिकित्सकों के चेहरों पर भी सुकून साफ दिखाई दे रहा है!